कार्यालय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, बीकानेर सम्भाग, बीकानेर

क्रमांकः–सनि/स्कूल/माध्य/बीका/शिका/Pay-Priman/20-21/ 1332to1367 दिनांकः 09/11/2020

1. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
2. जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक/प्रारम्भिक
3. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
   बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़।

विषयः– पे–मैनेजर/प्री–पे–मैनेजर व अन्य कम्प्यूटर सम्बन्धित कार्य कार्यालय/विद्यालय से बाहर से करवाने के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषयांतर्गत लेख है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता के संज्ञान में आया है कि आपके अधीन अधिकांश कार्यालयों/विद्यालयों द्वारा समस्त सुविधाएं (कम्प्यूटर, इंटरनेट, प्रिंटर) उपलब्ध होने के बावजूद भी पे–मैनेजर/प्री–पे–मैनेजर व अन्य कम्प्यूटर सम्बन्धित कार्य कार्यालय/विद्यालय में नहीं करवाया जाकर बाहरी व्यक्ति (ई–मित्रा/साईबर कैफे) से करवाया जा रहा है तथा उसका भुगतान उसे किया जा रहा है। प्रत्येक पीईईओ को सरकार/विभाग द्वारा लेपटॉप भी उपलब्ध करवाए गए हैं।

अतः जब से कार्यालयों/विद्यालयों में कम्प्यूटर पर ऑनलाईन कार्य प्रारम्भ हुआ है, तब से उपर्युक्त कार्यों, जो कि बाहरी व्यक्ति से करवाए गए हैं, पर किस मद से कितना भुगतान किस फर्म/व्यक्ति को किया गया है, की वर्षवार सूचना 7 दिवस में उपलब्ध करावें।

जिन अधिकारियों द्वारा बाहरी व्यक्तियों से इस प्रकार का कार्य करवाकर भुगतान किया गया है, से इस आशय का स्पष्टीकरण लिया जाए कि समस्त सुविधाओं की उपलब्धता के बावजूद उन्होंनें उक्त कार्य पे–मैनेजर व प्री–पे–मैनेजर की आई.डी. व पासवर्ड की गोपनीयता को भंग करते हुए बाहरी व्यक्ति से क्यों करवाया गया।

यह सर्वविदित है कि हाल ही में कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, श्रीगंगानगर में 01.04.2015 से 31.07.2020 तक की अवधि में पे–मैनेजर की आई.डी. व पासवर्ड के आधार पर ही लगभग 38 करोड़ रुपये का गबन प्रकाश में आया है, जिसकी जाँच विचाराधीन है इसी कारण से समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारियो को आदेशित किया जाता है कि विधालय के समस्त पे–मैनेजर/प्री–पे–मैनेजर सम्बन्धित कार्य विधालय से बाहर किसी अन्य निजी संस्थान से कार्य नही करवाया जावे।

www.rajsevak.com

(प्रकाशचंद्र जाटोलिया)
संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा
बीकानेर सम्भाग, बीकानेर।

क्रमांकः–सनि/स्कूल/माध्य/बीका/ 68, 69 दिनांकः 09/11/2020

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित

1. श्रीमान् निदेशक महोदय, माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
2. रक्षित पत्रावली।

(प्रकाशचंद्र जाटोलिया)
संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा
बीकानेर सम्भाग, बीकानेर।